# पहल – 2

# ब्रिज कार्यपुस्तिका

## हिंदी

## कक्षा-3



15Y6B3

विद्यार्थी का नाम :

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

# कोरोना से बचाव के उपाय

## हाथ धोने के पाँच आसान चरण



## कार्यपुस्तिकाओं की मुख्य विशेषताएँ:

सभी विद्यार्थियों को कक्षा स्तर पर लाने के लिए

1



NEP 2020 के अनुसार दक्षता-आधारित कार्यपुस्तिका

2



ब्रिज और उपचारात्मक कार्यक्रम का समर्थन करने के लिए सामग्री

3



विद्यार्थी प्रगति को ट्रैक करने के लिए Baseline, Midline रचनात्मक आकलन और Endline मूल्यांकन सम्मिलित है

## मुख्य संरक्षक

**डॉ. बुलाकी दास कल्ला**

शिक्षा मंत्री ( प्राथमिक एवं माध्यमिक ), संस्कृत शिक्षा विभाग
राजस्थान सरकार, जयपुर

**श्रीमती जाहिदा खान**

शिक्षा राज्य मंत्री ( प्रारंभिक एवं माध्यमिक )
राजस्थान सरकार, जयपुर

## संरक्षक

**श्री पवन कुमार गोयल (IAS)**
अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर

**डॉ. मोहन लाल यादव (IAS)**
राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर

**श्री गौरव अग्रवाल (IAS)**
निदेशक, प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर, राजस्थान

## मुख्य मार्गदर्शक

**सुश्री प्रियंका जोधावत (RAS)**
निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

## मार्गदर्शन

**श्रीमती सना सिद्दीकी (RAS)**
अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर

**श्रीमती श्यामा राठौड़ (RAS)**
उपायुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर

## प्रबोधन समूह

**श्री ललित शंकर आमेटा**
प्रोफेसर–I, RSCERT, उदयपुर

**श्री कमलेंद्र सिंह राणावत**
प्रोफेसर–II, RSCERT, उदयपुर

**डॉ. मोटाराम भादू**
उपनिदेशक, राज. स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर

**डॉ. मनीषा उज्वल**
एसोसिएट प्रोफेसर, RSCERT, उदयपुर

**श्री मुकेश चंद**
सहायक निदेशक, राज. स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर

**श्री बन्ना राम रैगर**
असिस्टेंट प्रोफेसर, RSCERT, उदयपुर

## विकास समूह

**डॉ. गोविंद नारायण कुमावत**
प्रधानाचार्य, रा.उ.मा.वि., नगवाड़ा,
कुचामनसिटी, नागौर

**डॉ. विमलेश कुमार पारीक**
वरिष्ठ अध्यापक, रा.मा.वि., मदरामपुरा,
सांगानेर, जयपुर

**श्री गोविंद सिंह चौहान**
अध्यापक, रा.उ.प्रा.वि.,
जीवाखेड़ा, खमनोर, राजसमंद

**श्री राहुल कुमार शर्मा**
अध्यापक, रा.उ.मा.वि., नांगलगोविंद
गोविंदगढ़, जयपुर

**श्रीमती कविता शर्मा**
अध्यापिका, रा.उ.प्रा.सं.वि.,
माताजी भोपावास, गोविन्दगढ़, जयपुर

**श्रीमती तोषी सुखवाल**
अध्यापिका, रा.बा.उ.प्रा.वि.,
प्रतापनगर–II, उदयपुर

**श्रीमती सुनीता जैन**
अध्यापिका, रा.प्रा.वि., खेजड़ो का वास, जयपुर

## विशेष सहयोग

**श्री कृष्ण गोपाल शर्मा, श्री राजेन्द्र दरिया, श्री विपिन कुमार भट्ट, श्री रामचन्द्र**

# शिक्षकों के लिए संदेश

प्रिय शिक्षकों!

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् ,उदयपुर द्वारा कक्षा–3 से कक्षा–8 तक के विद्यार्थियों के उपचारात्मक शिक्षण के लिए हिंदी, अंग्रेजी एवं गणित विषय की कार्यपुस्तिकाएँ तैयार की गई हैं। ये कार्यपुस्तिकाएँ बुनियादी दक्षताओं को ध्यान में रखकर बनाई गई है, जिनसे विद्यार्थियों को उनके कक्षा स्तर तक लाया जा सके तथा उनके अधिगम अंतराल को पूरा किया जा सके।

**कार्यपुस्तिका की विशेषताएँ**

- प्रारंभिक अभ्यास बेस लाइन मूल्यांकन के लिए है इनसे कक्षा में समूह निर्धारित किया जाएगा।
- भाग एक पर सभी विद्यार्थियों से कार्य करवाया जाएगा। इसके अंत में मध्यावधि मूल्यांकन से विद्यार्थी का स्तर निर्धारित किया जाएगा।
- मध्यावधि मूल्यांकन के परिणाम के आधार पर नामांकित कक्षा से न्यून स्तर वाले विद्यार्थियों के साथ भाग दो पर वर्षपर्यंत शिक्षण कार्य करवाया जाएगा।

**शिक्षकों की भूमिका**

- कार्यपुस्तिका के साथ–साथ उपचारात्मक शिक्षण के लिए शिक्षक ए.बी.एल. किट एवं अन्य गतिविधि सामग्रियों का उपयोग करते हुए गतिविधि आधारित शिक्षण कार्य करेंगे।
- शिक्षक कार्यपत्रकों पर कार्य करने से पूर्व संबंधित शिक्षण सामग्री पर शिक्षण अधिगम प्रक्रिया पूर्ण करेंगे। उसके पश्चात् अपने मार्गदर्शन में बच्चों को कार्यपत्रकों पर अभ्यास के अवसर प्रदान करेंगे।
- शिक्षण कार्य को रोचक व गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए ए.बी.एल. गतिविधि एवं अन्य क्रियात्मक गतिविधियों को भी शामिल किया गया है।
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षण की उद्देश्य पूर्ति को ध्यान में रखते हुए इन कार्यपुस्तिकाओं का निर्माण किया गया हैं।
- सभी शिक्षक साथियों से अनुरोध है कि वे इन कार्यपुस्तिकाओं का अधिगम अंतराल को पूर्ण करने एवं बालकों को कक्षास्तर तक लाने में समुचित उपयोग सुनिश्चित करें। व्यक्तिगत मार्गदर्शन इस कार्य में महत्त्वपूर्ण साधन रहेगा।

आशा है, यह कार्यपुस्तिका आपके एवं विद्यार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। आपके सकारात्मक सुझाव सदैव आमंत्रित हैं।

# अनुक्रमणिका
# ब्रिज कोर्स के लिए


SZK5PZ


| क्र. सं. | विवरण | कार्यपत्रक/ आकलन/गतिविधि | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | चित्रों के सूक्ष्म और प्रत्यक्ष पहलुओं का अवलोकन कर समझ पाना। | 1–3 | 1–3 |
| 2 | चित्रों में घट रही घटनाओं के क्रम को समझ पाना। | 4–5 | 4–5 |
| 3 | आकृतियों के बुनियादी मोड़ को समझ पाना। | 6 | 6 |
| 4 | आकृतियों के बुनियादी मोड़ के द्वारा चित्र आकृतियों को बना पाना। | 7 | 7 |
| 5 | आकृतियों के बुनियादी मोड़ के द्वारा चित्र आकृतियों को बना पाना। | 8 | 8 |
| 6 | वर्णों की पहचान और ध्वनि को समझ पाना। | 9–10 | 9–10 |
| 7 | वर्ण एवं चित्र को देखकर शब्दों का निर्माण कर पाना। | 11–12 | 11–12 |
| 8 | पूर्व ज्ञान के आधार पर अक्षर, ध्वनि और शब्द को पहचान पाना। | 13–15 | 13–15 |
| 9 | आस–पास की वस्तुओं को देखकर उसके अर्थ को समझ पाना। | 16 | 16 |
| 10 | चित्रों को देखकर वर्ण एवं शब्द की पहचान कर लिख पाना। | 17 | 17 |
| 11 | प्रिंट, लिखा या छपा हुआ में मौजूद वर्ण, शब्द और वाक्य को पहचान पाना। | 18 | 18 |
| 12 | गतिविधि–1–सुनो और कहना मानो | | 19 |
| 13 | शब्दों में होने वाले ध्वनि भेद के अंतर को समझते हुए लिख पाना। | 19 | 20 |
| 14 | परिवेश में उपलब्ध संदर्भों एवं छपी हुई सामग्री को पढ़कर समझना। | 20 | 21 |
| 15 | प्रारम्भिक मूल्यांकन | | 22–25 |
| 16 | चित्रों के सूक्ष्म और प्रत्यक्ष पहलुओं का अवलोकन कर समझ पाना। | 21–22 | 26–27 |
| 17 | गतिविधि–2–पहचाने एवं बताएँ | | 28 |
| 18 | चित्रों में घटित घटनाओं के क्रम को समझ पाना। | 23–24, आकलन–1 | 29–31 |
| 19 | आकृतियों के बुनियादी मोड़ को समझ पाना। | 25–26 | 32–33 |
| 20 | आकृतियों के बुनियादी मोड़ के द्वारा चित्र आकृतियों को बना पाना। | 27 | 34 |
| 21 | वर्णों की पहचान और ध्वनि को समझ पाना। | 28–29, आकलन–2 | 35–37 |
| 22 | गतिविधि–3–तुकबंदी करना एवं अन्तिम ध्वनि से शब्द | | 38 |
| 23 | वर्ण एवं चित्र को देखकर शब्दों का निर्माण कर पाना। | 30–31 | 39–40 |
| 24 | पूर्व ज्ञान के आधार पर अक्षर, ध्वनि और शब्द को पहचान पाना। | 32 | 41 |
| 25 | वर्ण एवं चित्र को देखकर शब्दों का निर्माण कर पाना। | 33 | 42 |
| 26 | गतिविधि–4, आकलन–3 | आकलन–3 | 43–44 |
| 27 | आस–पास की वस्तुओं को देखकर एवं वाक्यों को देखकर अर्थ समझ पाना। | 34–35 | 45–46 |
| 28 | आस–पास की वस्तुओं को देखकर अर्थ समझ पाना। | 36 | 47 |
| 29 | सरल एवं छोटे वाक्य लिख पाना। | 37 | 48 |
| 30 | चित्रों को देखकर शब्दों और वाक्यों को लिख पाना। | 38, आकलन–4 | 49–50 |
| 31 | चित्रों को देखकर शब्दों और वाक्यों को लिख पाना। | 39 | 51 |
| 32 | लिखित सामग्री को पढ़कर अर्थ को पहचान पाना। | 40 | 52 |
| 33 | गतिविधि–5–ध्वनि बदलकर बताओ | | 53 |
| 34 | लिखित सामग्री को पढ़कर अर्थ को पहचान पाना। | 41 | 54 |
| 35 | सीखे गए वर्णों एवं मात्राओं से बने शब्दों को स्पष्ट एवं साफ शब्दों में लिख पाना। | 42, आकलन–5 | 55–56 |
| 36 | मध्यावधि मूल्यांकन। | | 57–59 |


**कार्यपत्रक-1**

**दक्षता : चित्रों के सूक्ष्म और प्रत्यक्ष पहलुओं का अवलोकन कर समझ पाना।**

1. नीचे दिए गए एक जैसे चित्रों का मिलान कीजिए।





2. नीचे दिए गए चित्रों में से कौन–कौनसे वे जीव हैं, जो पानी में रहते हैं, उनके चित्रों के साथ दिए गए बॉक्स में (✓) सही का निशान लगाइए।





## कार्यपत्रक –2

**दक्षता : चित्रों के सूक्ष्म और प्रत्यक्ष पहलुओं का अवलोकन कर समझ पाना।**

1. एक जैसे चित्रों को रेखा खींच कर मिलाइए।

| | |
|---|---|
|  |  |
|  |  |
|  |  |
|  |  |

2. नीचे दिए गए चित्रों में से कौन–सा जीव ज़मीन पर रहता है? उस जीव के सामने दिए गए बॉक्स में सही (✓) का निशान लगाइए तथा अन्य के सामने (✗) का निशान लगाइए।


| | |
|---|---|
|  ☐ |  ☐ |
|  ☐ |  ☐ |
|  ☐ |  ☐ |
|  ☐ |  ☐ |

 हस्ताक्षर शिक्षक: ............................ दिनांक ..........................


## कार्यपत्रक-3

**दक्षता : चित्रों के सूक्ष्म और प्रत्यक्ष पहलुओं का अवलोकन कर समझ पाना।**

1. जानवरों के चित्रों का उनके पसंदीदा भोजन से मिलान कीजिए।




2. सर्दी के मौसम में उपयोग होने वाली वस्तुओं पर सही (✓) का निशान लगाइए।



## कार्यपत्रक –4

**दक्षता : चित्रों में घट रही घटनाओं के क्रम को समझ पाना।**

1. चित्र में दी गई कहानी में घटना क्रम के अनुसार 1 से 4 संख्या लिखिए।



1










3

2. चित्र में दी गई कहानी में घटना क्रम के अनुसार 1 से 4 संख्या लिखिए।












हस्ताक्षर शिक्षक: ............................ दिनांक ..........................

## कार्यपत्रक –5

**दक्षता : चित्रों में घटित घटनाओं के क्रम को समझ पाना।**

1. चित्र में दी गई कहानी में घटना–क्रम के अनुसार 1 से 5 संख्या लिखिए।



2. सुबह उठने के बाद आप द्वारा प्रतिदिन किए जाने वाले कार्यों को 1 से 4 तक की संख्या के क्रम में दीजिए।




☆ ☆ ☆ दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ............................

## कार्यपत्रक-6

**दक्षता : आकृतियों के बुनियादी मोड़ को समझ पाना।**

1. दिए गए बिंदुओं को पेंसिल से मिलाइए और आकृति को पूरा कीजिए।







हस्ताक्षर शिक्षक: .......................... दिनांक ..........................

## कार्यपत्रक-7

**दक्षताः आकृतियों के बुनियादी मोड़ के द्वारा चित्र आकृतियों को बना पाना।**

1. नीचे दिए गए बिंदुओं को मिलाइए और चित्र बनाइए।







☆ ☆ ☆ दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षकः ............................

## कार्यपत्रक-8

**दक्षता: आकृतियों के बुनियादी मोड़ के द्वारा चित्र आकृतियों को बना पाना।**

1. नीचे दिए गए बिंदुओं को मिलाइए और चित्र को पूरा कीजिए।





2. आपको कौन–सा फल सबसे ज्यादा पसंद है ? उस फल का नीचे दिए गए बॉक्स में चित्र बनाइए एवं रंग भरिए।




हस्ताक्षर शिक्षक: ............................ दिनांक .........................

## कार्यपत्रक-9

**दक्षता : वर्णों की पहचान और ध्वनि को समझ पाना।**

1. नीचे दिए गए चित्र के नाम के पहले अक्षर पर गोला लगाइए।




(क) ढ

(ख) ड


(ग) ङ

(घ) ढ़


2. नीचे दिए गए चित्र देखकर शब्द को पूरा कीजिए।




ति......ली



थ......म......



........करी



कौ......

## कार्यपत्रक-10

**दक्षता : वर्णों की पहचान और ध्वनि को समझ पाना।**

1. नीचे दिए गए वर्णों को जोड़कर शब्द बनाइए एवं उन्हें लिखिए।

आ, का, ना, शा — म

आम
______
______
______

2. नीचे दिए गए वर्णों को जोड़कर शब्द बनाइए एवं उन्हें लिखिए।

खी, मी, ता, ही — रा

खीरा
______
______
______

3. नीचे दिए गए वर्णों को जोड़कर शब्द बनाइए एवं उन्हें लिखिए।

क, नी, फ, मा — ली

कली
______
______
______

4. नीचे दिए गए वर्णों को जोड़कर शब्द बनाइए एवं उन्हें लिखिए।

तो, सी, आ, खा — ता

तोता
______
______
______



हस्ताक्षर शिक्षक: ............................ दिनांक ..........................

## कार्यपत्रक-11

**दक्षता : वर्ण एवं चित्र को देखकर शब्दों का निर्माण कर पाना।**

1. नीचे दिए गए वर्णों से दो–दो शब्द बनाइए।

ट

श

च

द

र

ध

क



ज

दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ............................

## कार्यपत्रक-12

**दक्षता : वर्ण एवं चित्र को देखकर शब्दों का निर्माण कर पाना।**

1. चित्र पहचान कर उसके सही नाम के आगे सही (✓) का निशान लगाइए।

| | | |
|---|---|---|
|  | पंखा | पंख |
|  | पेड़ | कप |
|  | फल | फूल |
|  | हाथी | भालू |
|  | बकरी | बंदर |
|  | मिठाइयाँ | फल |
|  | कुआँ | तालाब |




हस्ताक्षर शिक्षक: ............................ दिनांक ..........................

☆ ☆ ☆

## कार्यपत्रक–13

**दक्षता : पूर्व ज्ञान के आधर पर अक्षर, ध्वनि और शब्द को पहचान पाना।**


1. कौन–सा खेल घर के **अंदर** खेला जाता है और कौन–सा घर के **बाहर** ? लिखिए।



----------------------


----------------------


----------------------


----------------------


----------------------



----------------------

2. नीचे दिए गए चित्रों के नाम लिखिए।



ड्रम


त..........ला


ड...........रू


ड............ली


ढो..........क







बाँ.........री

☆ ☆ ☆ दिनांक .......................... हस्ताक्षर शिक्षक: ..............................




## कार्यपत्रक –14

**दक्षता : पूर्व ज्ञान के आधर पर अक्षर, ध्वनि और शब्द को पहचान पाना।**

1. नीचे दिए गए चित्रों को पहचान कर उनके नाम के आगे सही (✓) का निशान लगाइए।

| | | |
|---|---|---|
|  | किवाड़ ✓ | किताब ☐ |
|  | गिलास ☐ | कप ☐ |
|  | खरगोश ☐ | बिल्ली ☐ |
|  | चूहा ☐ | मेंढक ☐ |
|  | छाता ☐ | डंडा ☐ |

2. नीचे दिए गए चित्रों को उनके नाम के साथ मिलाइए।

| | |
|---|---|
|  | तितली |
|  | खरगोश |
|  | ऊँट |
|  | भालू |
|  | हिरण |



हस्ताक्षर शिक्षक: ............................ दिनांक ........................


☆ ☆ ☆


## कार्यपत्रक-15

**दक्षता- पूर्व ज्ञान के आधर पर अक्षर, ध्वनि और शब्द को पहचान पाना।**

1. नीचे दिए गए चित्र के नाम का पहला वर्ण लिखिए।










2. नीचे कुछ पक्षियों और जानवरों के चित्र दिए गए हैं, उन्हें पहचान कर सही नाम पर गोला लगाइए।




कोयल | गाय | मुर्गा



गाय | बकरा | कुत्ता



कौआ | बतख | तोता




मोर | बतख | कोयल


☆☆☆ दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ............................

## कार्यपत्रक-16

**दक्षता : आस-पास की वस्तुओं को देखकर उसके अर्थ को समझ पाना।**


1. किससे क्या मिलता है ? रेखा खींचकर मिलान कीजिए।











अंडा

दूध

ऊन

शहद

फल



हस्ताक्षर शिक्षक: ............................ दिनांक ..........................

☆ ☆ ☆

## कार्यपत्रक-17

**दक्षता : चित्रों को देखकर वर्ण एवं शब्द की पहचान कर लिख पाना।**

1. समूह से अलग पहचान वाले जानवर के नाम एवं चित्र पर गोला लगाइए।

(क) **बंदर  हिरण  मगरमच्छ  शेर**






(ख) **कबूतर  चिड़िया  तोता  बाज**






**कार्यपत्रक-18**

**दक्षता : प्रिंट, लिखा या छपा हुआ में मौजूद वर्ण, शब्द और वाक्य को पहचान पाना।**

1. दिए गए चित्रों को देखें और निर्देशानुसार नीचे दिए खानों में लिखिए –




हवाई जहाज



कार



बस



हेलीकॉप्टर



नाव



ताँगा



जीप



जहाज

| सड़क पर चलने वाले वाहन | जल में चलने वाले वाहन | वायु में उड़ने वाले वाहन |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |



हस्ताक्षर शिक्षक: ............................ दिनांक ........................

☆ ☆ ☆

# गतिविधि-1

**गतिविधि**— सुनो और कहना मानो।

**समय** — 10 मिनट

**दक्षता** — वर्ण ध्वनि की पहचान कर पाना।



- सभी बच्चे एक गोल घेरे में खड़े हों। किसी भी एक अक्षर के साथ इसे खेल सकते हैं।
- जैसे—मान लीजिए, यह खेल 'क' अक्षर के साथ खेलना है। शिक्षक बच्चों को बताएँ कि वे कुछ शब्द बोलेंगे जो बच्चों को ध्यान से सुनना है। अगर शब्द की पहली ध्वनि 'क' हो तो सभी को नीचे बैठना है और यदि शब्द की पहली ध्वनि 'क' नहीं हो तो वह खड़े ही रहेंगे। बच्चों को शब्द की शुरूआती ध्वनि को पहचान कर उठना—बैठना है।
- इस खेल के लिए प्रांरभ में ऐसे शब्द लें जिनके शुरूआती वर्ण के साथ मात्रा न हो। उदाहरण के लिए कबूतर, कतरन, कटहल आदि।

## कार्यपत्रक-19

**दक्षता : शब्दों में होने वाले ध्वनि भेद के अंतर को समझते हुए लिख पाना।**

1. शब्दों को तोड़कर उन्हें खानों में लिखिए –

गुड़धानी –

| | | | |
|---|---|---|---|
| **गु** | **ड़** | **धा** | **नी** |

खलिहान –

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |

मैदान –

| | | |
|---|---|---|
| | | |

धरती –

| | | |
|---|---|---|
| | | |

जिंदगानी –

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |

2. खानों में लिखे वर्णों से शब्द बनाइए –

| | | | |
|---|---|---|---|
| आ | म | र | स |

______________________

| | | |
|---|---|---|
| खि | लौ | ना |

______________________

| | | |
|---|---|---|
| म | दा | री |

______________________

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | द | र | क |

______________________

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | ज | ग | र |

______________________



हस्ताक्षर शिक्षक: ............................ दिनांक ........................ ☆ ☆ ☆

कार्यपत्रक-20

**दक्षता : परिवेश में उपलब्ध संदर्भों एवं छपी हुई सामग्री को पढ़कर समझना।**

1. समूह में जो सबसे अलग हैं, उन पर गोला (◯) लगाएँ –

| | | | |
|---|---|---|---|
| आलू | टमाटर | प्याज | आम |
| कछुआ | मेंढक | बकरी | मछली |
| कौआ | चील | झील | कबूतर |
| समोसा | खीर | बरफी | लड्डू |
| साइकिल | कार | रेलगाड़ी | बैल |


☆ ☆ ☆ दिनांक ......................... हस्ताक्षर शिक्षक: ...........................


## प्रारंभिक मूल्यांकन (Baseline Assessment)



- **यह मूल्यांकन विद्यार्थी स्वविवेक से करेंगे।**
- **विद्यार्थी को सभी प्रश्न करने हैं।**
- **शिक्षक विद्यार्थी को केवल प्रश्न समझने में सहायता करेंगे।**
- **टिप्पणी करते समय शिक्षक विद्यार्थी की समग्र शिक्षण गतिविधियों को ध्यान में रखेंगे।**

प्र. 1 नीचे दिए गए एक जैसे चित्रों का मिलान कीजिए–













प्र. 2 चित्र में दी गई घटना को क्रम दीजिए–

प्र. 3 जो समूह से अलग है, उस पर गोला लगाइए—

प्र. 4 नीचे दिए गए शब्दों के वर्णों को सामने दिए खानों में अलग—अलग करके लिखिए—

**कदम** —

**किताब** —

**मोटर** —

**सारस** —

प्र. 5 नीचे दिए गए वर्णों को जोड़कर शब्द बनाइए—


**पु त ली** = ..............................................................

**झु म का** = ..............................................................

**बो लि ए** = ..............................................................

**घे व र** = ..............................................................

प्र. 6 नीचे दिए गए वर्णों में 'ठ' जोड़कर शब्द बनाइए—




..............................................................
..............................................................
..............................................................
..............................................................

प्र. 7 अधूरे शब्दों को पूरा कीजिए—

चि............या ( ड़ि, या )

तर............ज ( बू, त )

प............ग ( ग, तं )

खर.........श ( गो, गी )

## प्रारंभिक मूल्यांकन (Baseline Assessment)

प्र. 8 चित्र देखकर उनका नाम लिखिए–







-------------------- -------------------- -------------------- --------------------

प्र. 9 नीचे लिखे वर्णों से शब्द बनाइए–

ज = .............................. ..............................

ल = .............................. ..............................

प्र. 10 चित्र को देखकर एक वाक्य लिखिए–




------------------------------------------------------------


------------------------------------------------------------

प्र. 11 नीचे दिए जीवों को उनके घर में रेखा खींचकर पहुँचाइए–








प्र. 12 दिए गए बिंदुओं का मिलान कर चित्र बनाइए व उसमें रंग भरिए–



प्र. 13 चित्र पहचान कर उसके सही नाम के सामने ( ✓ ) निशान लगाइए–

| | | | |
|---|---|---|---|
|  | – | टी.वी. | मोबाइल |
|  | – | गुलाब | कमल |
|  | – | बकरी | भालू |
|  | – | चरखी | पतंग |

प्र. 14 नीचे दिए गए वर्णों से दो–दो शब्द बनाइए–

र म द स


| विद्यार्थी के प्रदर्शन का रिकॉर्ड | |
|---|---|
| टिप्पणी : | विद्यार्थी के प्रदर्शन का रिकॉर्ड<br>समूह – 1 समूह – 2 |

दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ............................


## कार्यपत्रक–21

**दक्षता : चित्रों के सूक्ष्म और प्रत्यक्ष पहलुओं का अवलोकन कर समझ पाना।**

1. नीचे दिए गए जानवरों के चित्रों को उनकी पसंद की खाने की चीज़ों के चित्र से मिलान कीजिए।




2. नीचे दिए गए विभिन्न जीवों में से कौन–कौन से उड़ते हैं ? उड़ने वाले के खाने में सही (✓) एवं अन्य के खाने में गलत (✗) का निशान लगाइए –






हस्ताक्षर शिक्षक: ............................ दिनांक ..........................

## कार्यपत्रक –22

**दक्षता : चित्रों के सूक्ष्म और प्रत्यक्ष पहलुओं का अवलोकन कर समझ पाना।**

1. गर्मी के मौसम में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं पर सही (✓) का निशान लगाइए।



[✓]


[ ]



[ ]


[ ]



[ ]


[ ]

2. चित्र का उनके जोड़े से मिलान कीजिए।







☆ ☆ ☆ दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ............................

# गतिविधि–2

**गतिविधि**– पहचानें एवं बताएँ
**सामग्री** – ए.बी.एल. किट से पशुओं के चित्र चार्ट
**समय** – 10–15 मिनट
**दक्षता** – चित्र के सूक्ष्म प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष पहलुओं का अवलोकन कर समझ पाना।





- शिक्षक पशु–पक्षियों के कार्ड लेकर बच्चों से वार्तालाप करेगा तथा बच्चों को उस पर सोचने का अवसर देगा।
- शिक्षक किसी एक चित्र पर छात्र से उसके खान–पान, आवाज, चाल, कार्य आदि पर बताने तथा उसकी नकल करने के लिए कहेगा।
- इसी प्रकार अन्य प्राणी पर दूसरे छात्र से गतिविधि करने के लिए कहेगा। यह क्रम बच्चों के साथ रोचकता से चलता रहेगा।


## कार्यपत्रक –23

**दक्षता : चित्रों में घटित घटनाओं के क्रम को समझ पाना।**

1. चित्र में दी गई कहानी में घटना क्रम के अनुसार 1 से 4 संख्या लिखिए।



2. दिए गए चित्र में होने वाले घटना क्रम के लिए 1 से 4 संख्या लिखिए।



## कार्यपत्रक –24

**दक्षता : चित्रों में घटित घटनाओं के क्रम को समझ पाना।**

1. चित्र में दी गई कहानी में घटना क्रम के अनुसार 1 से 4 संख्या लिखिए।













2. चित्र में दी गई कहानी में घटना क्रम के अनुसार 1 से 4 संख्या लिखिए।












हस्ताक्षर शिक्षकः ............................ दिनांक ..........................


☆ ☆ ☆

# आकलन पत्र–1

1. दिए गए चित्रों को घटना क्रम के अनुसार 1 से 5 संख्या क्रम दीजिए।



2. चित्र में दी गई कहानी में घटना क्रम के अनुसार 1 से 4 संख्या क्रम दीजिए।



टिप्पणी : ..........................................................................................


..........................................................................................

..............................................   हस्ताक्षर शिक्षक : ..................

## कार्यपत्रक-25

**दक्षता : आकृतियों के बुनियादी मोड़ को समझ पाना।**

1 दिए गए बिंदुओं को पेंसिल से मिलाइए और आकृति को पूरा कीजिए।






हस्ताक्षर शिक्षकः ............................ दिनांक .........................

## दक्षता : आकृतियों के बुनियादी मोड़ को समझ पाना।


1 दिए गए बिंदुओं को पेंसिल से मिलाइए और आकृति को पूरा कीजिए।





## कार्यपत्रक–27

**दक्षता: आकृतियों के बुनियादी मोड़ के द्वारा चित्र आकृतियों को बना पाना।**

1. दिए गए बिंदुओं को मिलाइए और चित्र को पूरा कीजिए।









हस्ताक्षर शिक्षक: ............................ दिनांक ..........................

## कार्यपत्रक–28

**दक्षता : वर्णों की पहचान और ध्वनि को समझ पाना।**


1. नीचे दिए गए चित्र के नाम के पहले अक्षर पर गोला लगाइए।

(क) ख

(ख) प

(ग) ल

(घ) ग




2. नीचे दिए गए चित्र को देखकर शब्द को पूरा करिए।

टो__________री

(क) प

(ख) ट

(ग) क



3. नीचे दिए गए चित्र के नाम में कौन–सा वर्ण दो बार आया है।

जहाज

(क) ट

(ख) ज

(ग) र



4. सही वर्ण लिखकर शब्द पूरा करिए।

| | |
|---|---|
| (क) ता______ ब | (जा, ला, रा, ) |
| (ख) कि______ ब | (पा, ल, ता, ब) |
| (ग) सा ______र | (च, ल, ग, न) |
| (घ) म______ न | (फा, का, या) |

☆ ☆ ☆ दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ............................

## कार्यपत्रक-29

**दक्षता : वर्णों की पहचान और ध्वनि को समझ पाना।**

1. नीचे दिए गए वर्णों से शब्द बनाइए।

| ग | ज | फ | र |
|---|---|---|---|
| गमला | ________ | ________ | ________ |
| ल | घ | त | स |
| ________ | ________ | ________ | ________ |

2. नीचे दिए गए अधूरे शब्दों को पूरा कीजिए और उन्हें बॉक्स में लिखिए।

| | |
|---|---|
| अ ........ र (चा, मा) | अचार |
| पा ........ क (स, ल) | |
| चि ड़ि ........ (दा, या) | |
| सू ........ ज (क, र) | |
| त ........ बू ज (र, त) | |
| बा ........ ल (स, द) | |
| ति ........ ली (त, स) | |




हस्ताक्षर शिक्षक: ............................ दिनांक ..........................

☆ ☆ ☆


# आकलन पत्र–2

1. नीचे दिए गए चित्र के नाम का पहला अक्षर लिखिए।











2. नीचे दिए गए चित्र के सही नाम पर गोला लगाइए।




| | | |
|---|---|---|
| मटर | मछली | मटका |

3. नीचे दिए गए बिंदुओं को मिलाइए और नाम लिखिए।









4. नीचे दिए गए चित्र को पहचान कर उसका नाम लिखिए।









टिप्पणी : ..........................................................................................

..........................................................................................

.................................................... हस्ताक्षर शिक्षक : ..................

# गतिविधि–3

**गतिविधि** – तुकबंदी करना एवं अंतिम ध्वनि से शब्द।

**समय** – 10–15 मिनट

**दक्षता** – शब्दों को अंतिम ध्वनि के आधार पर समझ पाना।



- इस गतिविधि में बच्चे ऐसे शब्द बनाते हैं, जो अंतिम ध्वनि पर समाप्त होते हैं।
- बच्चे समूह में बैठेंगे–
- शिक्षक प्रत्येक समूह में एक–एक ध्वनि देंगे, जैसे– 'का' और 'ला'।
- अब पहले समूह को 'का' और दूसरे समूह को 'ला' पर समाप्त होने वाले शब्द जल्दी–जल्दी बोलने हैं।
- उदाहरण के लिए– पहले समूह के शब्द– काका, नाका, टाका, चाका और दूसरे समूह के शब्द– लाला, काला, पाला, नाला, डाला इत्यादि हो सकते हैं।
- हर समूह अपने द्वारा बनाए शब्द सबको बताएँगे।
- इस खेल के लिए बच्चे अर्थपूर्ण तथा अर्थहीन दोनों शब्द बना सकते हैं।






## कार्यपत्रक –30

**दक्षता : वर्ण एवं चित्र को देखकर शब्दों का निर्माण कर पाना।**

1. नीचे दिए गए शब्दों में कौन सा वर्ण सभी शब्दों में है ? लिखिए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जहाज | तरबूज | बाजरा | जग | ज |
| टब | मटका | मीटर | लोटा | |
| पहाड़ | पालक | कपड़ा | चंपा | |
| रेल | कबूतर | मोर | गगरी | |

2. चित्र देखकर बॉक्स में उनके नाम का पहला वर्ण लिखिए।

| | | |
|---|---|---|
|  |  |  |
|  |  |  |
|  |  |  |

3. शब्द के पहले वर्ण को सामने दिए गए वर्णों में से ढूँढ़कर मिलाइए –

| | |
|---|---|
| भेड़ | ठ |
| शलजम | ध |
| धनुष | (भ) |
| ठेला | श |

| | |
|---|---|
| ढक्कन | ड |
| डफली | ब |
| बैल | क |
| कौआ | ढ |

☆ ☆ ☆ दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ............................

## कार्यपत्रक-31

**दक्षता : वर्ण एवं चित्र को देखकर शब्दों का निर्माण कर पाना।**

1. नीचे दिए गए वर्णों से शुरू होने वाले शब्द लिखिए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | स | सूरज | | | |
| (ख) | र | राजा | | | |
| (ग) | प | पतंग | | | |
| (घ) | त | तबला | | | |

2. नीचे दिए गए जाल में दिए गए चित्रों के नाम छिपे हैं, उन्हें ढूँढ़कर लिखिए।

| | | |
|---|---|---|
| पं | ख | झं |
| साँ | ऊँ | डा |
| प | ट | चाँ |
| दाँ | त | द |

 चाँद

 ____________


 ____________

 ____________


 ____________

 ____________

3. नीचे दिए गए चित्र का नाम लिखिए और अंतिम वर्ण से नया शब्द बनाकर लिखिए।



ताला → लाल



____________ ____________



____________ ____________



हस्ताक्षर शिक्षक: ............................ दिनांक ..........................

☆ ☆ ☆


## कार्यपत्रक –32

**दक्षता : पूर्व ज्ञान के आधर पर अक्षर, ध्वनि और शब्द को पहचान पाना।**

1. नीचे दिए गए जानवरों के चित्रों को उनकी बोली से मिलान कीजिए।




भौं–भौं



चीं–चीं




म्याऊँ–म्याऊँ





कुहू–कुहू


2. नीचे जानवरों के चित्र दिए गए हैं, उन्हें पहचान कर नाम लिखिए।



घोड़ा







दिनांक .........................                                        हस्ताक्षर शिक्षक: ............................

## कार्यपत्रक-33

**दक्षता : वर्ण एवं चित्र को देखकर शब्दों का निर्माण कर पाना।**

1. नीचे दिए गए वर्णों से शुरू होने वाले शब्द लिखिए।

म — मछली, ______, ______, ______

ख — खरगोश, ______, ______, ______

2. नीचे दिए गए जाल में कुछ पक्षियों के नाम छिपे हैं, उन्हें ढूँढ़कर लिखिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | आ | ल | तो |
| ज | बू | मि | ता |
| मो | र | त | पी |
| ली | कौ | आ | र |

कबूतर
______
______
______

3. बॉक्स में दिए गए वर्णों को पहचान कर उनके आगे दिए शब्दों में गोला लगाइए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ल | कटहल | कलम | काली | कमल |
| न | नल | नाखून | नमक | नीला |
| ट | लोटा | लालटेन | टमाटर | मटर |
| प | लपट | सुपारी | पीपल | सपेरा |




हस्ताक्षर शिक्षकः .............................. दिनांक ..........................

☆ ☆ ☆

# गतिविधि-4

**गतिविधि** – वर्ण चकरी
**सामग्री** – ए.बी.एल. किट से वर्ण चकरी
**समय** – 10–15 मिनट
**दक्षता** – सीखे गए वर्णों से शब्द निर्माण कर पाना।




- इस गतिविधि में एक समय में एक वर्ण चकरी पर 3–4 बच्चे ही भाग लेंगे।
- शिक्षक कोई एक बिना मात्रा का शब्द बोलेगा तथा छात्र उस शब्द को वर्ण चकरी के माध्यम से बनाएगा।
- विद्‍यार्थी द्‍वारा शब्द बनाने पर प्रोत्साहन स्वरूप शाबासी देगा।
- पहले विद्‍यार्थी को तीन शब्द बनाने के अवसर देगा। शब्द बनाने में असफल होने पर अगले छात्र को अवसर दिया जाएगा। इस प्रकार यह खेल आगे चलता रहेगा।

# आकलन पत्र–3

1. नीचे दिए गए शब्दजाल से अर्थपूर्ण शब्दों को ढूँढ़कर नीचे बॉक्स में लिखिए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| झू | ला | ग | छा | ता |
| र | त | म | ई | ला |
| ब | स | ला | म | ठी |
| क | ल | म | मू | द |
| री | इ | म | ली | ची |

| | | |
|---|---|---|
| झूला | | |
| | | |
| | | |

2. नीचे बॉक्स में कुछ वस्तुओं के नाम लिखे हैं, उनका हम किन–किन त्योहारों पर उपयोग करते हैं, बॉक्स में लिखिए।

**पटाखे, रंग, सेवइयाँ, गुब्बारे, घंटी, टोपी, लाइट, तिरंगा, फूल, नए कपड़े, राष्ट्रीय गान, पिचकारी, रंगोली, गुलाल, दीपक**

| **दीपावली** | **होली** |
|---|---|
| • पटाखे | • रंग |

| **स्वतंत्रता दिवस** | **ईद** |
|---|---|
| • तिरंगा | • सेवइयाँ |

**टिप्पणी :** ..............................................................................................

..............................................................................................

.................................................. **हस्ताक्षर शिक्षक :** ....................

☆ ☆ ☆

## कार्यपत्रक-34

**दक्षता- आस-पास की वस्तुओं को देखकर एवं वाक्यों को देखकर अर्थ समझ पाना।**


1. नीचे दिए गए चित्र देखकर खाली जगह में उनके नाम लिखिए।



............................. पेड़ पर रहता है।



............................. पेड़ की छाया में रहती है।



............................. बिल में रहता है।



............................. जाले में रहती है।



............................. घोसलें में रहती है।



............................. बिल में रहता है।



............................. बाड़े में रहती है।

☆ ☆ ☆ दिनांक ............................ हस्ताक्षर शिक्षक: ............................

**दक्षता- आस-पास की वस्तुओं को देखकर एवं वाक्यों को पढ़कर अर्थ समझ पाना।**

1. नीचे दिए गए वाक्यों के खाली स्थान में मीना की गुड़िया के बारे में लिखिए।




मीना की गुड़िया के दो आँखें हैं,
वो देख सकती है।

मीना की गुड़िया के .......................... हैं,
वो सुन सकती है।

मीना की गुड़िया के .......................... हैं,
वह चल सकती है।

2. नीचे दिए गए चित्र को देखकर एक वाक्य लिखिए।



____________________

____________________

____________________







हस्ताक्षर शिक्षकः .......................... दिनांक ..........................

☆ ☆ ☆

## कार्यपत्रक-36

**दक्षता : आस-पास की वस्तुओं को देखकर अर्थ समझ पाना।**

1. नीचे दी गई खाने की वस्तुओं का रंग और स्वाद लिखिए।

| वस्तु | रंग | स्वाद<br>(तीखा, मीठा, खट्टा, कड़वा) |
|---|---|---|
|  | | |
|  | | |
|  | | |
|  | | |
|  | | |
|  | | |

## कार्यपत्रक-37

**दक्षता : सरल एवं छोटे वाक्य लिख पाना।**

1. आप अपनी कक्षा के सभी सहपाठियों के नाम सुंदर लेख में लिखिए।




हस्ताक्षर शिक्षक: ............................ दिनांक .........................

☆ ☆ ☆

## कार्यपत्रक-38

**दक्षता : चित्रों को देखकर शब्दों और वाक्यों को लिख पाना।**


1. अपने आसपास के इन पाँच जीवों की एक–एक विशेष बात लिखिए।




..........................................................




..........................................................



..........................................................



..........................................................



..........................................................

☆ ☆ ☆ दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ............................

1. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(क) ........................ पेड़ की छाया में रहता है। (मगर, गधा)

(ख) ........................ पानी में रहती है। (मछली, कबूतर)

(ग) ........................ अस्तबल में रहता है। (कुत्ता, घोड़ा)

(घ) ........................ माँद में रहता है। (ऊँट, शेर)

(ङ) ........................ पेड़ पर रहता है। (चूहा, बंदर)

(च) ........................ घोंसले में रहती है। (चिड़िया, बतख)

(छ) ........................ बिल में रहता है। (बिल्ली, साँप)

2. खाली स्थान भरिए।

(क) इमली...........................है। (खट्टी / कड़वी)

(ख) केला...........................है। (नमकीन / मीठा)

(ग) करेला...........................है। (खट्टा / कड़वा)

(घ) आम...........................है। (नमकीन / मीठा)

3. नीचे दी गई पहेलियों को पढ़िए और उनके सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए।

(क) लाल डिब्बे में पीले खाने,
हर खाने में मोती के दाने। **(अनार / अमरूद)**

(ख) एक फूल है काले रंग का,
सिर पर सदा सुहाए।
तेज धूप में खिल–खिल जाता,
छाया पड़े मुरझाए।। **(गुलाब / छतरी)**

**टिप्पणी :** ..............................................................................................
..............................................................................................................
.............................................. **हस्ताक्षर शिक्षक :** ..................

☆☆☆

## कार्यपत्रक-39

**दक्षता : चित्रों को देखकर शब्दों और वाक्यों को लिख पाना।**

1. नीचे दिए गए त्योहारों के चित्रों के नीचे इनसे संबंधित वस्तुओं के नाम लिखिए।





______________________________ ______________________________

______________________________ ______________________________





______________________________ ______________________________


______________________________ ______________________________

## कार्यपत्रक-40

**दक्षता : लिखित सामग्री को पढ़कर अर्थ को पहचान पाना।**

1. समान तुक वाले शब्दों को ढूँढ़िए और लिखिए।

बिल्ली चुपके–चुपके आई,
चट कर गई सब दूध–मलाई।
चल दी फिर करने को सैर,
फिसला उसका छत से पैर।
फिर तुमको इक बात बताऊँ
बिल्ली रोई म्याऊँ–म्याऊँ
हिलते–डुलते घर को आई।
चोरी उसको रास न आई।



| | | | |
|---|---|---|---|
| आई–मलाई | | | |
| | | | |

2. नीचे दी गई कहानी को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

एक बंदर पेड़ पर बैठा था। बंदर की पूँछ बहुत लंबी थी। इतनी लंबी थी कि जमीन तक लटक रही थी। एक गिलहरी जमीन पर उछल–कूद कर रही थी। अचानक उसे पूँछ दिखाई दी। उसने सोचा–यह झूला कहाँ से आ गया? वह पूँछ पर चढ़कर झूलने लगी। बंदर को गुदगुदी हुई। उसने नीचे देखा। वह हँस कर बोला – बहन गिलहरी यह क्या कर रही हो? मुझे गुदगुदी हो रही है। अब बस करो।

क) किस जानवर की पूँछ लंबी थी ?

..........................................................................................................

ख) कौन सा जानवर जमीन पर था ?

..........................................................................................................

ग) पेड़ पर कौन बैठा था?

..........................................................................................................

घ) बंदर क्यों हँस रहा था?

..........................................................................................................



हस्ताक्षर शिक्षक: ............................ दिनांक ..........................

☆ ☆ ☆

# गतिविधि-5

**गतिविधि**— ध्वनि बदलकर बताओ।

**सामग्री** — बस्ता, किताब, चॉक, पेंसिल इत्यादि।

**समय** — 10 मिनट

**दक्षता** — समान तुक ध्वनि वाले शब्दों को समझ पाना।



- बच्चों को चार—चार के समूह बैठाए। प्रत्येक समूह को कक्षा में उपलब्ध सामानों को दिया जाए, जैसे—बस्ता, किताब, चॉक, डस्टर, पेन, पेन्सिल इत्यादि।
- प्रत्येक समूह को बताएँ कि आपको एक वर्ण दिया जाएगा और जो भी वस्तु उनके पास है उसके नाम की पहली ध्वनि से दिए गए वर्ण से बदलनी है। शिक्षक 2—3 चीजों के नाम की पहली ध्वनि को किसी वर्ण/अक्षर से बदलकर बताएँ।
- प्रत्येक समूह को एक—एक वर्ण—अक्षर दे; जैसे म, ल, च, क। अब प्रत्येक समूह को अपने पास उपलब्ध सामान की पहली ध्वनि को दी गई ध्वनि से बदलना है, जैसे बस्ता—लस्ता, किताब—लिताब, पेन—चेन।
- बच्चों द्वारा गतिविधि करते समय शिक्षक समूह में जाए और उनको आवश्यक मदद करे। जो समूह पहले ध्वनि बदल लें, उसे उन शब्दों को बताने के लिए कहें।

## कार्यपत्रक-41

**दक्षता : लिखित सामग्री को पढ़कर अर्थ को पहचान पाना।**

1. नीचे दी गई पहेलियों 'बूझो तो जानें' को पढ़िए और उनके सही उत्तर दीजिए।

क) रोज रात को आता हूँ,
साथ सितारे लाता हूँ।
दिन में मैं छिप जाता हूँ,
मामा भी कहलाता हूँ। (चंदा / सूरज)

ख) तीन अक्षर का नाम है मेरा,
जल में है मेरा बसेरा।
बीच कटे तो 'कल' हो जाऊँ,
अंत कटे तो 'कम' हो जाऊँ। (.........................)

ग) हरा–हरा हूँ ऊपर से,
लाल–लाल पर भीतर से।
मीठे रस से भरा–भरा,
थोड़ा खाकर देखो जरा। (.........................)

घ) जब भी घर से बाहर निकलूँ,
अम्मा कहती पहनो।
बनी रबर की रंग–बिरंगी,
बूझो, भैया–बहनों। (.........................)

ङ) बुद्धिमान से उल्टा है नाम,
बोझा ढोने का है काम।
धोबी का मैं साथी हूँ,
अब बताओ मेरा नाम (.........................)











हस्ताक्षर शिक्षक: ............................ दिनांक .........................

☆ ☆ ☆

## कार्यपत्रक–42

**दक्षता : सीखे गए वर्णों एवं मात्राओं से बने शब्दों को स्पष्ट एवं साफ शब्दों में लिख पाना।**

1. चित्र देखकर शब्द पर उचित मात्रा लगाइए –

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
|  | कबतर |  | मली |  | कल |
|  | ग जर |  | सरज |  | खरग श |
|  | बल्ली |  | चड़िया |  | जलब |
|  | तरबज |  | चड़ी |  | गलाब |
|  | आरत |  | ह थ |  | चदा |
|  | पह ड़ |  | र खी |  | द पक |

☆ ☆ ☆ दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ............................

1. नीचे दी गई कहानी को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

## जिगरी दोस्त

एक गिलहरी और एक चूहा दोनों बहुत अच्छे दोस्त थे। गिलहरी का नाम गुलगुल और चूहे का नाम कुटरू था। गुलगुल बहुत भोली–भाली थी, लेकिन कुटरू बहुत चालाक था। एक दिन गुलगुल भोजन की तलाश में दूर चली गई। कुटरू परेशान होकर उसे ढूँढ़ने निकला। चलते–चलते कुटरू को कुछ धारीदार चीज़ दिखी। वह उसके पास गया और देखा कि वह तो गुलगुल है। उसने गुलगुल के मुँह पर पानी डाला, उसे होश आ गया। उसने बताया कि कौए ने उसे झपट्टा मारा और वो बेहोश हो गई।

(क) गिलहरी का क्या नाम था?

______________________________

(ख) गिलहरी के दोस्त का क्या नाम था ?

______________________________

(ग) गुलगुल बहुत भोली–भाली थी, लेकिन कुटरू बहुत .....................था।

(घ) गिलहरी क्या–क्या चीजें खाती हैं ?

______________________________

(ङ) गुलगुल को किसने झपट्टा मारा ?

______________________________

(च) गिलहरी को होश कैसे आया ?

______________________________

(छ) गिलहरी के अलावा और कौन से जीव हैं, जो पेड़ पर चढ़ सकते हैं ?

______________________________

2. नीचे दी गई पहेलियों को पढ़िए और उनके उत्तर दीजिए।

(क) लाल गेंद में है पीले खाने,<br>
खानों में है मोती के दाने।<br>
**(मैं एक फल हूँ)** ............................................

(ख) मेरे नाम में फूल भी है<br>
मेरे नाम में फल भी है<br>
बताओ मेरा नाम क्या है ?<br>
**(मुझे लोग खाते हैं)** ............................................

**टिप्पणी :** ..................................................................................................
..................................................................................................
.............................................. **हस्ताक्षर शिक्षक :** ..................

☆ ☆ ☆


## मध्यावधि मूल्यांकन (Midline Assessment)

- **यह मूल्यांकन विद्यार्थी स्वविवेक से करेंगे।**
- **विद्यार्थी को सभी प्रश्न करने हैं।**
- **शिक्षक विद्यार्थी को केवल प्रश्न समझने में सहायता करेंगे।**
- **टिप्पणी करते समय शिक्षक विद्यार्थी की समग्र शिक्षण गतिविधियों को ध्यान में रखेंगे।**

1. नीचे दिए गए चित्र के नाम का प्रथम वर्ण ढूँढ़कर उस पर गोला लगाइए –

(i) 

(क) ल
(ख) इ
(ग) ब
(घ) म


(ii) 

(क) र
(ख) स
(ग) ज
(घ) ग

2. नीचे दिए गए चित्र को देखकर उसके नाम को पूरा करिए –

(i) 
.......हा

(ii) 
क.......आ

(iii) 
गु.......ब

(iv) 
ख.......गो.......


3. सही वर्ण का चयन कर शब्द पूरा कीजिए –


(क) मका.......... (च, त, न, द)
(ख) दी..........क (प, र, य, ग)
(ग) मूंग....... ली (च, द, फ, र)
(घ) अम........द (रू, दू, मू, कू)

4. नीचे दिए गए जीवों में से कौन–कौन से जीव उड़ते नहीं हैं ? उनके बाक्स में सही (✓) का निशान लगाइए –

(i) 

(ii) 

(iii) 

(iv) 

5. शब्द से चित्र को मिलाइए –

| केला | कप | जग | कार | घर |
|---|---|---|---|---|
|  |  |  |  |  |

6. कौन क्या है ? रेखा खींचकर मिलाइए –

| | | |
|---|---|---|
| (क) | बकरी | वाद्‌ययंत्र |
| (ख) | दरी | पशु |
| (ग) | आम | फल |
| (घ) | सितार | वस्तु |

7. निम्नलिखित वर्णों को उनके सामने दिए गए शब्दों में ढूँढ़िए और उन पर गोला लगाइए –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अ – | अब | अनार | अपना | अगर |
| ब – | बस | बतख | सब | तबला |
| म – | चमन | मन | मकान | कम |
| न – | नल | तन | नट | जन |

8. नीचे दिए गए शब्दजाल में से अर्थपूर्ण शब्दों को ढूँढ़कर लिखिए।

